न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुचामनसिटी जिला नागौर(राज0)

प्रार्थी	ब नाम	अप्रार्थी
भंवरलाल पुत्र डूंगाराम जाति कुमावत लखजी का बास		राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार कुचामनसिटी

राजस्व प्रार्थना–पत्र = अन्तर्गत धारा 136 R.L.Act1956 शुद्धि बाबत

प्रार्थना–पत्र नम्बर 874/2021 GCMS No. 2021/ 1186

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिलियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तारीख में जारी हुए
28/12/2021	प्रार्थी भंवरलाल पुत्र डूंगाराम जाति कुमावत लखजी का बास द्वारा दिनॉक 12.11.2021 को "प्रशासन गांवो के संग अभियान 2021" कैम्प ग्राम पंचायत हीराणी में एक प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर चालू जमाबन्दी नकल सम्वत 2074–2077 ग्राम लखजी का बास पटवार मण्डल हिराणी के खाता नम्बर 29 खसरा नम्बर 77/6 का प्रस्तुत कर कथन किया है प्रार्थी की राजस्व रेकार्ड में प्रविष्टि **भंवरिया पुत्र सालगा कुमावत** दर्ज है, जो अशुद्व है। प्रार्थी का शुद्व नाम **भंवरलाल पुत्र डूंगाराम कुमावत** तथा इसी अनुसार राजस्व रेकार्ड में शुद्व प्रविष्टि दर्ज करने का निवेदन किया है। जिसके लिए बतौर साक्ष्य स्वरूप वादी द्वारा परिवार राशन कार्ड न. .... आधार नम्बर .... मतदाता पहचान पत्र -------------------- अन्य दस्तावेज .... की छाया प्रति प्रस्तुत की है। इस संबंध में हल्का पटवारी **हिराणी** भू.अ.नि **मण्डावरा** एवं तहसीलदार कुचामनसिटी से रिपोर्ट तलब की गई, रिपोर्ट में इन्होने वादी का उपरोक्तानुसार सुनवाई कर नाम एवं प्रविष्टि शुद्व किये जाने की अनुशंषा की है। प्रकरण का अवलोकन किया गया, राजस्व रेकार्ड में अशुद्व प्रविष्टि को शुद्व किये जाने बाबत प्रार्थी द्वारा ऐसा कोई ठोस दस्तावेज प्रस्तुत नही किया है जिससे उसका नाम शुद्व किया जा सके तथा उक्त अशुद्वि कब हुई उस राजस्व रेकार्ड की नकले इत्यादि भी प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत नही की गई है तथा प्रकरण धारा 136 **R.L.Act1956** की श्रेणी में नही आता है, प्रार्थी नियमित वाद प्रस्तुत कर एवं आवश्यक दस्तावेजात इत्यादि की नकले प्रस्तुत कर अनुतोष प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र है। अतः प्रार्थना–पत्र प्रार्थी साबित नही होने से खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नियम से संधारित होकर दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (नागौर)	

Signature Not Verified
Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2022.02.01 12:55:26 IST
Reason: SelfAttested